Induction programme on 21/8/19 for B.Tech 1st year students

छात्रों को पहले खुद को जानने की आवश्यकता आगे बढ़ने स्वयं से प्रेम करना होगा: डॉ. मूर्ति

एजुकेशन रिपोर्टर | बिलासपुर

सीयू में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला के बीटेक प्रथम वर्ष एवं कला अध्ययनशाला के स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नवप्रवेशित छात्रों का परिचयात्मक सत्र बुधवार को हुआ। कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता ने परिचयात्मक सत्र आयोजित करने निर्देश दिया था। परिचयात्मक सत्र में छात्रों को एनएसएस, एंटी रैगिंग सेल, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र, उन्नत भारत अभियान, स्वच्छता अभियान, उड़ान, अभिनर्तन, अर्चिन व अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। कुलसचिव प्रो. शैलेन्द्र ने कहा कि छात्र को किसी भी तरह की समस्या हो तो वे शिक्षक, विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण या एंटी रैगिंग, शिकायत निवारण समिति से संपर्क कर सकते हैं। डॉ. पीपी मूर्ति ने कहा कि छात्रों को सबसे पहले खुद को जानने की आवश्यकता है। आगे बढ़ने के लिए स्वयं से प्रेम करने की आवश्यकता है। प्रभारी अधिष्ठाता राजेश भूषण ने कहा कि छात्र कक्षाओं में नियमित रहें, क्योंकि यहां 75 प्रतिशत उपस्थिति का नियम है, जिसका उन्हें पालन करना चाहिए। प्रो. प्रतिभा जे. मिश्रा ने छात्रों को सलाह दी कि अगर आपके मन में कोई नकारात्मक विचार आता है तो उसे दूसरे व्यक्ति के साथ साझा जरूर करना चाहिए ताकि मन हल्का हो जाए। कुलानुशासक प्रो. बीएस राठौड़ ने अनुशासन संबंधी नियमों की जानकारी दी।